n Booklet Sl. No. 57772

# HINDI

**(Second Language)**

Time : 3 Hours 15 Minutes

Max. Marks : 100

**सूचनाएँ** :

1) प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए **15 मिनट** का समय निर्धारित है ।
2) **सभी** प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए ।
3) प्रश्नपत्र में **छः** भाग हैं ।

## भाग – I

**I.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए : **(12×1=12)**

1) ईश्वर की <u>किरपा</u> हम पर रहें ।

(रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| कृपा | क्रुपा | करपा |

2) मुन्ना कल शहर जाएगा ।

(क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ।)

3) 1900 – हिंदी अक्षरों में लिखिए ।

4) देश ____________ नाम रोशन करो ।

(सही कारक चिह्न पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| का | के | की |

5) लोकगीत शास्त्रीय संगीत से अलग हैं ।

(समास की सही जोड़ी पहचानकर लिखिए ।)

i) लोकगीत – तत्पुरुष समास

ii) शास्त्रीय संगीत – द्विगु समास

6) विद्यालय साफ-सुथरा होना चाहिए ।

(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए ।)

7) जिसका अंत न हो । (एक शब्द में लिखिए ।)

8) पाठशाला की सफाई के लिए छात्रों ने कमर कसली ।

(रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| तैयार होना | ज्ञानोदय होना | शरीर ढ़कना |

9) लड़का गाता है । (लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)

10) वह कल आएगा । (वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)

11) यह तो कोई यान है । (वाक्य को भूतकाल में बदलकर लिखिए ।)

12) सीता गाँव गया । (शुद्ध रूप में लिखिए ।)

## भाग – II

**II. प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिए गए गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए :**

13) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर पहचानकर लिखिए । **(5×1=5)**

हमारे ग्रह के जल में एक विशेष प्रकार के विषाणुओं के मिल जाने के कारण वह ज़हरीला हो गया है । उसके उपयोग से हमारे ग्रह पर महामारी फैल गई है, जिससे वहाँ के लोग मरने लगे हैं । हमने तो उन विषाणुओं को नष्ट कर दिया है, लेकिन जल में घुले ज़हर को अभी तक पहचान नहीं पाए हैं । जल को विषहीन बनाने में समय लगेगा । पानी के अभाव में हमारे लोग मर रहे थे ।

अपने अस्तित्व के लिए हमने निर्णय लिया कि हम जल्द-से-जल्द अन्य किसी ग्रह की खोज कर वहाँ का पानी अपने ग्रह पर ले जाएँगे । अपने ग्रह के लोगों का जीवन बचाएँगे । हमारी नज़र आपके नीले ग्रह पर पडी, जो हमसे अधिक नज़दीक था । हम यहाँ उतर गए ।

प्रश्न :

अ) ''दुरुपयोग'' शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ।

आ) ''पानी'' का पर्यायशब्द पहचानकर लिखिए ।

इ) ''ईला'' प्रत्यय से बना हुआ शब्द पहचानकर लिखिए ।

ई) हमने विषाणुओं को नष्ट कर दिया । इस वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानकर लिखिए ।

उ) हम यहाँ उतर गए । इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए ।

निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । (5×1=5)

रिमझिम-रिमझिम क्या कुछ कहते बूँदों के स्वर,
रोम सिहर उठते छूते वे भीतर अंतर ।
धाराओं पर धाराएँ झरती धरती पर,
रज के कण-कण में तृण-तृण को पुलकावली थर ।।

प्रश्न :

अ) बूँदों का स्वर कैसा है ?

A) रिमझिम रिमझिम
B) डम डम डम डम
C) कण कण
D) तृण तृण तृण तृण

आ) बूँदों के स्वर कहाँ छूते हैं ?

A) भीतर अंतर
B) भीतर बाहर
C) भीतर और धरती पर
D) भीतर और थर पर

इ) धाराओं पर धाराएँ कहाँ झरती हैं ?

A) पर्वत पर
B) घर पर
C) धरती पर
D) जंगल में

ई) 'रज' शब्द का अर्थ क्या है ?

A) सोना

B) चाँदी

C) तांबा

D) मिट्टी

उ) प्रस्तुत पद्यांश के कवि कौन हैं ?

A) सुमित्रानंदन पंत

B) निशंक

C) दिनकर

D) रैदास

15) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर **एक वाक्य में** लिखिए। **(5×1=5)**

पश्चिम की तरफ नज़र फैलाई तो दूर-दूर तक पहाड़ियों की श्रेणियाँ नज़र आई। आसमान में बादल घिरे रहने से सूरज की धूप का कहीं नामोंनिशान तक न था। बादलों का रंग साँवला होने के कारण गोदावरी के धूलि-धूसरित मटमैले जल की झाँई और भी गहरी हो रही थी।

**प्रश्न :**

अ) लेखक ने किस ओर नज़र फैलाई ?

आ) दूर-दूर तक किसकी श्रेणियाँ नज़र आई ?

इ) आसमान किससे घिरे थे ?

ई) बादलों का रंग कैसा था ?

उ) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

16) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **(5×1=5)**

कानूनन बाल मज़दूरी करवाना एक अपराध है। इस दशक के अंत तक हमें इसे जड़ से समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारतीय संसद ने भी संविधान संशोधन अधिनियम 2002 के माध्यम से 6

से 14 वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षा पाने के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में घोषित कर दिया गया है । यह बहुत जरूरी है कि बच्चे अभिभावकों को नशाखोरी से मुक्ति दिलाने के लिए मुहिम चलायें और प्रौढ़ शिक्षा के माध्यम से उन्हें शिक्षित करने की व्यवस्था भी करें ।

प्रश्न :

अ) कानूनन कौन-सी मज़दूरी करवाना अपराध है ?

A) बाल मज़दूरी
B) युवा मज़दूरी
C) वृद्ध मज़दूरी
D) गुलामी

आ) शिक्षा पाने का मौलिक अधिकार किसे हैं ?

A) बूढ़ों को
B) बच्चों को
C) दूसरों को
D) धनवानों को

इ) अभिभावकों को कौन-सी शिक्षा के माध्यम से शिक्षित करें ?

A) नैतिक
B) निजी
C) प्रौढ़
D) स्कूली

ई) नशाखोरी से किसे मुक्ति दिलाने की मुहिम चलाएँ ?

A) बच्चों को
B) युवाओं को
C) वृद्धों को
D) अभिभावकों को

3) धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब किस तरह का पाठ है ?

A) साक्षात्कार
B) एकांकी
C) यात्रा वृत्तांत
D) कहानी

## भाग – III

III. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 4 पंक्तियों में लिखिए : (2×4=8)

17) प्रकृति चित्रण के बेजोड कवि सुमित्रानंदन पंत का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

18) विख्यात लेखक काका कालेलकर का साहित्यिक परिचय दीजिए ।

## भाग – IV

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 3-4 वाक्यों में लिखिए : (8×3=24)

19) रहीम के अनुसार सच्चे मित्र की पहचान कब होती है ?

20) कवि दिनकर के अनुसार कण-कण का अधिकारी कौन हैं ? क्यों ?

21) हामिद ने मेले में क्या खरीदा ? क्यों खरीदा ?

22) हिंदी रोजगार पाने का माध्यम है । कैसे ?

23) अंतरिक्ष यात्री कहाँ से आए थे ? किस लिए आए थे ?

24) नेल्सन मंडेला के जीवन से हमें क्या संदेश मिलता है ?

25) अरुणा की ममता पर अपने विचार बताइए ।

26) राजू ने अपने स्कूल को किस तरह का उपहार समर्पित किया ?

## भाग – V

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए :

27) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **8-10** पंक्तियों में लिखिए । (1×10=10)

अ) भारतवासी दुनिया को पावन धाम कैसे बनाएँगे "हम भारतवासी" कविता के आधार पर लिखिए ।

**अथवा**

आ) भक्तिकालीन कवि रैदास का परिचय देते हुए उनके पदों का भाव स्पष्ट कीजिए ।

28) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए । **(1×10=10)**

अ) लोकगीत ग्रामीण जनता के मनोरंजन का साधन है । भारत के विभिन्न प्रांतों में गाये जाने वाले लोकगीतों के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

आ) वीरांगना लक्ष्मीबाई स्वराज्य के नींव का पत्थर बनी । स्वराज्य की नींव पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**भाग – VI**

**VI.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए :

29) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×8=8)**

अ) आवश्यक पुस्तकें खरीदने के लिए पैसे माँगते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

आ) किसी कालेज में प्रवेश पाने के लिए प्राचार्य के नाम पत्र लिखिए ।

30) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×8=8)**

अ) भारत को साफ सुथरा देखना गाँधीजी का सपना था । इसको साकार करने में 'स्वच्छ भारत अभियान' ही एक मात्र उपाय है । इस पर अपने विंचार स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

आ) अपने मन पसंद त्यौहार का वर्णन करते हुए निबंध लिखिए ।